>

Title: Need to set up proposed Zinc mines processing plant at Rupa Hally in Rajasthan.

श्री रामपाल उपाध्याय (भीलवाड़ा): सभापति महोदय, मैं नियम ३७७ के अन्तर्गत सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मेरे अपने संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा की आगूचा रामपुरा जिंक माइन्स की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस माइन्स में जिंक संबंधी कच्चे माल को निकाला जाता है। यह विश्व की उच्च कोटि और अधिक मात्रा में जिंक उपलब्ध करवाती है। यहां पर प्रोसैस प्लांट १५५ किलोमीटर से अधिक दूर पर कपासन में लगाए जाने की अनुशंसा की गई है जिससे माल ढुलाई पर प्रतिदिन ७ से ८ लाख रुपए खर्च होंगे और कई समस्याएं भी हैं जो लागत भी बढ़ाएंगी।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस माइन्स के पास रूपाहैली जिला भीलवाड़ा में उक्त प्लांट स्थापित किया जाए जिससे ट्रांसपोर्ट खर्च बचेगा, पानी भी उपलब्ध हो सकता है, अच्छी भूमि भी है, रेलवे लाइन भी है और इसी वर्ष ब्राडगेज लाइन डाली जा रही है।